Publication	Punjab Kesri	Language	Hindi
Edition	New Delhi	Journalist	Bureau
Date	01/12/2023	Page no	2
CCM	24.41		

Centre approves Rs 1658 crore recovery plan for Joshimath

जोशीमठ के लिए 1658 करोड़ रुपये की पुनर्निर्माण योजना को मंजूरी दी

नई दिल्ली/देहरादून, (पंजाब केसरी): केंद्र ने उत्तराखंड के जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपये की पुनर्निर्माण योजना को बृहस्पतिवार को मंजूरी दी। जोशीमठ पिछले दिनों भूस्खलन और जमीन धंसने से प्रभावित हुआ था। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इस योजना के तहत, 1079.96 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के पुनर्निर्माण प्रकोष्ठ से दी जाएगी।

बयान के अनुसार उत्तराखंड सरकार राहत के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से 126.41 करोड़ रुपये और राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपये मुहैया कराएगी। इसमें पुनर्वास के लिए 91.82 करोड़ रुपये की भूमि अधिग्रहण लागत भी शामिल है। बयान में कहा गया है कि जोशीमठ भूस्खलन और भू-धंसाव से प्रभावित हुआ था और केन्द्र सरकार ने राज्य को सभी आवश्यक तकनीकी और अन्य जरूरी सहायता प्रदान की है। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के मार्गदर्शन में सभी तकनीकी एजेंसियों ने त्वरित कार्रवाई कर जोशीमठ के लिए 'रिकवरी" योजना तैयार करने में राज्य सरकार की मदद की है। बयान के अनुसार जोशीमठ के लिए रिकवरी योजना को तीन साल में लागू किया जाएगा।

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from SAMVAD